**<u>प्रेस नोट जनपद गाजीपुर</u>**

**<u>दिनांक 24.11.2023</u>**

**<u>1-सर्विलांस सेल टीम द्वारा जनपद में खोये हुए कुल 62 अदद स्मार्ट फोन अनुमानित कीमत ₹12 लाख को बरामद करते हुए मोबाइल आवेदकों को किया गया सुपुर्द ।</u>**

गुमशुदा मोबाइल की बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत सर्विलांस सेल द्वारा गुमशुदा मोबाइल के संबंध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर बड़ी कार्यवाही करते हुए 62 अदद गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किया गया जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रान्तर्गत उक्त सभी गुमशुदा मोबाइल फोन को **दिनाक 24.11.2023** को आवेदकों को सुपुर्द किया गया। उक्त बरामद मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत लगभग **12,00,000/- रुपये** है। प्राप्त प्रार्थना पत्रों के आवेदकों द्वारा अपार प्रसन्नता व्यक्त करते हुये पुलिस अधीक्षक गाजीपुर व सर्विलांस सेल टीम को धन्यवाद प्रकट करतें हुये भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी

**<u>बरामदगी-</u>**

62 अदद मोबाइल फोन विभिन्न कम्पनीयों के।

**<u>02- थाना सादात पुलिस द्वारा 03 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार मौके से पिकअप मे क्रूरता पूर्वक लदे 05 राशि गोवंशीय सकुशल बरामद।</u>**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत, थानाध्यक्ष सादात गाजीपुर की टीम द्वार दिनांक 24/11/2023 को सुबह समय करीब **05.30 बजे** बहादुर चौराहे के पास, बहद ग्राम हुरमुजपुर थाना सादात गाजीपुर से एक मैजिक वाहन में पाँच गोवंश (बछिया) जिन्दा लादकर ले जा रहे 3 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। तथा अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 159/2023 धारा 11 पशु क्रूरता निवारण अधि0 का अभियोग पंजीकृत कराकर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>विवरण गिरफ्तारअभियुक्तगण–</u>**

1.संजय भारद्वाज पुत्र कान्ता भारद्वाज निवासी धारहमीर(बोझवा) थाना भुड़कुडा जनपद गाजीपुर,

2.गोपाल कुमार पुत्र धर्मू राम ग्राम धनबाउर थाना दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर

3.देवेन्द्र कुमार पुत्र वशिष्ठ राम निवासी ग्राम बिजौरा थाना मरदह जनपद गाजीपुर

**<u>बरामदगी का विवरण-</u>**

अभियुक्तगण के कब्जे से 05 राशि गोवंश ( बछिया) जिन्दा।

**<u>03- एक अदद नाजायज तमंचा व एक अदद जिन्दा कारतूस के साथ 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार।</u>**

उल्लेखनीय है कि दिनांक 24.11.2023 को उ0नि0 आशुतोष शुक्ला मय हमराह के देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन से जामा मस्जिद बहादुरगंज से अभियुक्त एजाज कुरैशी उर्फ राजू पुत्र स्व0 गफ्फार निवासी कसाब टोली बहादुरगंज थाना कासिमाबाद गाजीपुर को दिनांक 24.11.2023 समय 07.20 बजे हिरासत में लिया गया जिसके कब्जे से एक अदद नाजायज तमंचा .315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद किया गया अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए थाना स्थानीय पर **मु0अ0सं0 314/2023 धारा 3/25 आयुध अधि0 बनाम एजाज कुरैशी उर्फ राजू पुत्र स्व0 गफ्फार निवासी कसाब टोली बहादुरगंज थाना कासिमाबाद गाजीपुर** में अभियोग पंजीकृत किया गया, दिनांक 24.11.2023 को विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त एजाज कुरैशी उर्फ राजू उपरोक्त को मा0न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु रवाना किया गया